SJU Social Justice Union

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, शुक्रवार 15 मार्च 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-165

## कमजोर मोदी चीन के राष्ट्रपति से डरे हुए हैं : राहुल

### बीजेपी ने कहा-यह आपके नाना की देन

नई दिल्ली (आनएनएस)। आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित कराने के प्रयास में चीन ने एक बार फिर अड़ंगा लगा दिया है. इसके बाद कांग्रेस ने गुरुवार को नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा. कांग्रेस ने आरोप लगाया कि एक बार फिर से 'विफल मोदी सरकार की विफल विदेश नीति' उजागर हुई.

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी इस पूरे घटनाक्रम पर टिप्पणी की है. राहुल ने ट्वीट कर कहा कि - कमजोर मोदी, शी (चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग) से डरे हुए हैं. जब चीन भारत के खिलाफ कोई कार्रवाई करता है तो उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकलता. चीन के लिए नमो की कूटनीति -1- गुजरात में शी के साथ झूला झूलना, 2- दिल्ली में शी को गले लगाना, 3- चीन में शी के सामने झुकना.



इससे पहले कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया, आज फिर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को चीन-पाकिस्तान गठजोड़ ने आघात पहुंचाया है. आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में यह एक दुखद दिन है. उन्होंने कहा, 56 इंच वाली गले लगने की कूटनीति (हगप्लोमेसी) और झूला-झुलाने के खेल के बाद भी चीन-पाकिस्तान का जोड़ भारत को 'लाल-आंख' दिखा रहा है. एक बार फिर एक विफल मोदी सरकार की विफल विदेश नीति उजागर हुई.

वहीं राहुल गांधी के इस ट्वीट के जवाब में भारतीय जनता पार्टी ने भी ट्वीट किया है. राहुल के ट्वीट को रिट्वीट कर बीजेपी ने लिखा है - यूएनएससी में चीन नहीं होता अगर आपके नाना ने भारत की कीमत पर उन्हें उपहार नहीं दिया होता.

भारत आपके परिवार की सभी गलतियों को ठीक कर रहा है. आश्वस्त रहें कि भारत आतंक के खिलाफ लड़ाई जीत जाएगा. इसे पीएम मोदी पर छोड़ दें और आप गुप्त रूप से चीनी दूतों के साथ मिलते रहें.

## युवती से सामूहिक बलात्कार, एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली (आनएनएस)। नोएडा के सेक्टर-20 थाना में एक युवती ने दो लोगों के खिलाफ गैंगरेप का मामला दर्ज कराया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि मूलरूप से देवरिया की रहने वाली 20 वर्षीय युवती नम्रता (काल्पनिक) ने थाना सेक्टर-20 में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वर्षा नामक महिला नोएडा में नौकरी दिलाने के बहाने उसे सेक्टर-15 स्थित अपने घर लेकर आई। युवती का आरोप है कि यहां वर्षा के पति संतोष के साथ-साथ उसके पड़ोस में रहने वाले संतोष नाम युवक ने उसके साथ बलात्कार किया। उसने आरोप लगाया कि उसने जब इसकी शिकायत वर्षा से की तो उसने उसे चुप रहने के लिए कहा। थाना प्रभारी ने बताया कि 5 मार्च को युवती इनके चंगुल से निकलकर दिल्ली के कमला नगर थाने पहुंची। वहां पर उसने घटना की शिकायत की।

चौहान ने बताया कि कमला नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना की जांच के लिए इसे थाना सेक्टर-20 के पास भेजा है। साथ ही बताया कि पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### न्यूजीलैंड में सांसद पर हमला, प्रधानमंत्री जेसिंडा ने की निंदा

वेलिंग्टन (आनएनएस)। न्यूजीलैंड के एक वरिष्ठ मंत्री पर बृहस्पतिवार तड़के सड़क पर एक व्यक्ति ने हमला कर दिया जिसकी देश की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने कड़ी आलोचना की। ग्रीन पार्टी के नेता जेम्स शॉ संसद भवन की ओर जा रहे थे। तभी एक व्यक्ति ने उनके चेहरे पर मुक्का मारा जिसे उनके कार्यालय ने बिना किसी उकसावे के किया गया हमला करार दिया। हालांकि शॉ के कार्यालय ने हमले के पीछे कोई राजनीतिक पहलू होने से इनकार किया, लेकिन व्यापार मंत्री डेविड पार्कर ने संवाददाताओं को बताया कि हमलावर ''संयुक्त राष्ट्र के बारे में कुछ बातें कथित रूप से चिल्ला कर कह रहा था।''

### भारत-अमेरिका सामूहिक विनाश के हथियारों का प्रसार रोकने के लिए प्रतिबद्ध

वाशिंगटन (आनएनएस)। भारत और अमेरिका ने सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार व उनकी वितरण प्रणाली और आतंकवादियों व नॉन-स्टेट एक्टर्स तक ऐसे हथियारों की पहुंच को रोकने के लिए एक साथ काम करने की अपनी प्रतिबद्धता की फिर से पुष्टि की है। दोनों देशों ने बुधवार को वॉशिंगटन में आयोजित भारत-अमेरिका रणनीतिक सुरक्षा वार्ता के नौवें दौर में वैश्विक सुरक्षा और अप्रसार चुनौतियों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पत्रकार कल्याण संघ के आयोजन में 16 को जुटेंगे प्रदेशभर के पत्रकार

भिलाई (आनएनएस)। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पत्रकार कल्याण संघ का प्रदेश स्तरीय पत्रकार सम्मेलन 16 मार्च को स्मृति नगर के विवेकानंद भवन भिलाई में रखा गया है। सम्मेलन में पत्रकारिता, शिक्षा, जनसेवा व स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले कर्मवीरों का सम्मान किया जाएगा। इस गरमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल होंगे।

### शोपियां में आतंकी हमला, एक जवान शहीद

श्रीनगर (आनएनएस)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में आतंकियों के हमले में एक जवान शहीद हो गया है. 25 साल के इस शख्स को आतंकियों ने उसके घर के सामने गोली मारकर हत्या कर दी. आशिक नाम का ये शख्स दक्षिण कश्मीर के पुलवामा के पिंगलेना गांव का रहने वाला था. पुलिस से जवान का शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है, बाद में शव को उसके घरवालों के हवाले किया जाएगा.

### देश में पहली बार पोलियो की खुराक पीने से एक बच्चे की मौत

नई दिल्ली (आनएनएस)। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में एक 9 माह के बच्ची की कथित तौर पर पोलियो की खुराक पीने के बाद मौत हो गई. बांदा के डीएम एच लाल ने कहा कि, यह दुर्भाग्यपूर्ण है. यह पहला मामला है, जब पोलियो की खुराक से किसी बच्चे की मौत हुई है. डीएम एच लाल ने मामले की जांच के लिए एक समिति का गठन कर दिया है. उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर उचित कार्रवाई की जाएगी.

### नाजायज संबंधों में अड़ंगा डाल रहा था पति, पत्नी ने तेजाब फेंक किया अंधा

**कोर्ट ने सुनाई सजा**

जयपुर (आनएनएस)। राजस्थान के जयपुर की स्थानीय कोर्ट ने झोटवाड़ा इलाके में 4 जनवरी 2017 को अवैध संबंधों में बाधा बने पति सलीम खान पर तेजाब फेंक उसे अंधा बनाने वाली पत्नी को सजा सुनाई है। उसके साथ प्रेमी भी आरोपी बना है। कोर्ट ने सलीम खान की पत्नी गुलशन बानो और उसके प्रेमी मोहम्मद सलीम को 10-10 साल की कैद और 10-10 हजार रुपए जुर्माने की सजा दी है।

## 6 साल के मासूम की अगवा कर हत्या



सतना (आनएनएस)। एमपी के सतना जिले के रहिकवारा गांव से अगवा किए गए 6 साल के मासूम की अपहरण कर हत्या का सनसनी खेज मामला सामने आया है. बच्चे का शव 24 घंटे बाद शव बरामद किया गया है. जानकारी के मुताबिक बच्चे की हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया गया. घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. ज्ञात हो कि इससे पहले चित्रकूट में भी दो जुड़वां बच्चों का अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी. दोनों जुड़वां भाइयों के शव यूपी के बांदा जिले से बरामद किए गए थे.

नागौद थाना के रहिकवारा में रहने वाले राजेश प्रजापति का 6 साल का बेटा मंगलवार दोपहर 3.30 बजे तक घर के पास खेल रहा था. इसके बाद वह अचानक वहां से लापता हो गया.

## 18 मार्च से भरे जाएंगे पहले चरण के नामांकन

नई दिल्ली (आनएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लोकसभा 2019 के आम चुनाव के लिए जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 14 की उप धारा (2) के तहत सांविधिक अधिसूचना जारी करने के लिए मंजूरी दी है।

इसमें निर्वाचन आयोग द्वारा अपनी कार्यवाही में सिफारिश की गई तिथियों पर लोकसभा के सदस्यों को निर्वाचित करने के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों से आह्वान करने का प्रावधान है।

## सच्चाई बताऊं तो अखिलेश मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे : योगी

### बोले-सपा-बसपा को जिताने का मतलब खुद के पैरों पर कुल्हाड़ी मारना

लखनऊ (आनएनएस)। लोकसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के बाद उत्तर प्रदेश में भाजपा और विपक्षी राजनीतिक दलों में ट्विटर वार शुरू हो गई है। जहां समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने ट्विटर पर बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, स्वच्छता अभियान, नोटबंदी और किसानों की आय का मुद्दा उठाते हुए भाजपा सरकार की असफलताएं व कमियां गिनाते हुए महापरिवर्तन की बात की थी।

वहीं बुधवार को अखिलेश के आरोपों का जवाब देते हुए प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा मुखिया अपने घर से बाहर निकले तो गांव के घरों की सच्चाई जानें।



मैं सच्चाई बताऊं तो अखिलेश मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कई योजनाओं के आकड़े पेश करते हुए मोदी सरकार की उपलब्धियों को बखान किया और जनता का आगाह किया कि सपा-बसपा को जिताने का मतलब अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने व्यक्तिगत ट्विटर एकांउट से ट्वीट करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने घर से बाहर निकले तो गांव के घरों की सच्चाई जानें। मैं सच्चाई बताऊं तो अखिलेश जी मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि अखिलेश सरकार के समय प्रदेश में पीएम आवास योजना (शहरी) व ग्रामीण में केवल 83 हजार से ज्यादा आवास नहीं दे पाई थी। जबकि हमारी सरकार ने 23 महीने के कार्यकाल में 23 लाख से अधिक (शहरी) व ग्रामीण गरीबों आवास मुहैया कर चुकी है।

उन्होंने कहा कि गरीब को मकान, शौचालय, बिजली व रसोई गैस कनेक्शन, पांच लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कवर एवं किसान को 6 हजार रुपए सालाना 'किसान सम्मान निधि' जैसे कार्य केवल प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ही संभव है।

## अमेरिका में बम चक्रवात से जबरदस्त बर्फबारी, 1339 उड़ानें रद्द

### तेज हवाओं के चलते 110 सड़क हादसे

न्यूयॉर्क (आनएनएस)। अमेरिका के कई इलाके इन दिनों तेज चक्रवाती हवाओं की चपेट में हैं और इससे वहां का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मौसम वैज्ञानिक चक्रवात को बम साइक्लोन नाम दे रहे हैं। स्थानी मौसम विभाग ने इस संबंधी अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि 110 किमी/घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है। खराब मौसम के मद्देनजर 1339 उड़ानों को रद्द कर दिया गया है। डेनवर अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट बंद कर दिया है। एयरपोर्ट प्रवक्ता का कहना है कि 1339 फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। डेनवर की 7 काउंटी में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। सरकारी दफ्तर और दुकानों को भी बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। इसके अलावा सरकारी दफ्तर, स्कूलों और बाजारों को भी बंद रखा गया है। तेज हवाओं के चलते कोलोराडो में व्यावसायिक और घरेलू बिजली सेवा प्रभावित हुई है। करीब एक लाख 30 हजार लोगों बिना बिजली के रह रहे हैं। बिजली कंपनी एक्सेल एनर्जी के प्रवक्ता मार्क स्टुट्ज ने कहा कि कम दृश्यता के चलते हमारी सेवाओं पर असर पड़ा है। हालात देखते हुए अभी यह नहीं बताया जा सकता कि कब तक बिजली की बहाली हो पाएगी। उधर, डलास के भी एक लाख लोगों के घरों में भी बिजली नहीं है। डेनवर पुलिस के मुताबिक, तेज हवाओं के चलते हमें 110 सड़क हादसे होने की जानकारी मिली है।

## रिश्ते तभी सुधरेंगे जब पाक आतंकवाद खत्म करे: सुषमा

नई दिल्ली (आनएनएस)। विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने कहा कि पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर को भारत को सौंपकर प्रधानमंत्री इमरान खान अपनी राजनीतिक कुशलता साबित कर सकते हैं। स्वराज ने कहा, अगर इमरान खान (पाकिस्तानी प्रधानमंत्री) इतने उदार हैं तो दे दे मसूद अजहर को हमें।



स्वराज ने एक समारोह में आतंक पर पाकिस्तान की दोहराई गई बात का मजाक उड़ाते हुए कहा कि पुलवामा के बाद भी ऐसे दोहरे चरित्र के कई उदाहरण हैं। एक बिंदु पर पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि जैश प्रमुख मसूद अजहर पाकिस्तान में है और दूसरी तरफ, पाक सेना ने कहा कि जैश का पाकिस्तान में कोई अस्तित्व नहीं है।

विदेश मंत्री ने कहा कि जब तक पड़ोसी देश अपनी धरती पर आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करता, भारत पाकिस्तान के साथ बातचीत नहीं कर सकता।

## सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया राज्यों में डीजीपी की नियुक्ति पर फैसला

नई दिल्ली (आनएनएस)। राज्यों में डीजीपी की नियुक्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। डीजीपी नियुक्ति के अपने पूर्व आदेश में बदलाव करते हुए कोर्ट ने कहा है कि जिन अधिकारियों के रिटायरमेंट को कम से कम 6 महीने का वक्त बचा हो यूपीएससी उन्हीं को नियुक्ति पैनल में शामिल करने पर विचार करेगा।



इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जिनकी सेवानिवृति को 6 महीने से कम वक्त बचा है उनके नाम पर विचार नहीं होगा। दरअसल डीजीपी का दो साल का निश्चित कार्यकाल होता है। राज्य सरकारें जिन अधिकारियों की सेवानिवृति होने वाली होती थी उन्हें डीजीपी नियुक्त कर देती थी और उन्हे दो साल का निश्चित कार्यकाल मिल जाता था। गौरतलब है कि साल 2006 में पुलिस सुधार पर दिए गए आदेश को लागू न करने के मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा है। हालांकि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और सभी राज्यों को आदेश दिया था कि वो कहीं भी एक्टिंग डीजीपी नियुक्त नहीं करेंगे।

कोर्ट ने कहा था कि ये कदम उठाना सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन है। पहले सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि राज्य सरकारें डीजीपी या पुलिस कमिश्नर पद पर आसीन अधिकारी के रिटायरमेंट से तीन महीने पहले दावेदार पुलिस अधिकारियों के नाम यूपीएससी के पास भेजें।

## रॉबर्ट वाड्रा के साथ पीएम मोदी की जांच करो

### चेन्नई में राहुल ने दी चुनौती

चेन्नई (आनएनएस)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बुधवार को तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई पहुंचे. यहां स्टेला मैरिस कॉलेज में एक कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष ने छात्रों से बातचीत की. इस दौरान एक छात्र ने उनसे रॉबर्ट वाड्रा को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि देश का कानून सब पर बराबर लागू होता है.

कॉलेज छात्रों के साथ इस अनौपचारिक बातचीत के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने राफेल डील और इसमें हुए



कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा, मैं यह कहने वाला पहला इंसान होउंगा... रॉबर्ट वाड्रा की जांच करो, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी जांच करो. इसके साथ ही उन्होंने कहा, रॉबर्ट वाड्रा पर सरकार को हर कार्यवाही करने का अधिकार है. आपके पास सभी संसाधन है, लेकिन क्या कभी पीएम ने खुद राफेल पर एक शब्द भी बोला है? रॉबर्ट वाड्रा जांच में सहयोग कर रहे हैं, लेकिन पूरा देश जानता है कि पीएम ने राफेल डील में क्या किया, लेकिन फिर भी उन्होंने चुप्पी साध रखी है. पीएम का नाम सीधे तौर पर राफेल और डसॉ के पेपर्स में आया है तो उनकी भी जांच होनी चाहिए.

## राष्ट्रपति ने वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान किए

नई दिल्ली (आनएनएस)। राष्ट्रपति और भारतीय सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर रामनाथ कोविंद ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में अद्भुत वीरता, अदम्य साहस और कर्तव्य परायणता का प्रदर्शन करने के वाले सशस्त्र बलों के कर्मियों को 3 कीर्ति चक्र, 15 शौर्य चक्र प्रदान किए। इनमें 2 कीर्ति चक्र और एक शौर्य चक्र मरणोपरांत प्रदान किए गए हैं।

## मंदिर से लौट रही कार नहर में जा गिरी, छह लोगों की मौत

चेन्नई (आनएनएस)। तमिलनाडु में कोयम्बटूर के पोलाची के पास कल रात एक कार के नहर में डूब जाने से उस पर सवार एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गयी।



पुलिस मुख्यालय में प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में दो बच्चे शामिल हैं। कार पर सवार लोग पलानी मुरुगम मंदिर में दर्शन करने के बाद कोयम्बटूर लौट रहे थे तभी रात करीब डेढ़ बजे यह हादसा हुआ। मृतकों के नाम केवल ऑपरेटर आर प्रकाश (45), उनकी पत्नी पी चित्रा (40) और बेटी पूजा (आठ) तथा बहन सुमति (50) एवं साली पी लता (42) और उनकी बेटी (धरानी) है।

नहर में पानी अधिक होने के कारण कार उसमें पूरी तरह डूब गयी जिसके कारण उसमें सवार सभी लोगों की डूबने से मौत हो गयी। दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर डूबी कार को बाहर निकाला।

## कांग्रेस ने जारी की दूसरी लिस्ट, सपा के खिलाफ उतारा प्रत्याशी

नई दिल्ली (आनएनएस)। लोकसभा चुनाव 2019 के लिए कांग्रेस ने अपने 21 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है. इस लिस्ट में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजेंद्र बिंद के खिलाफ ललितेश पति त्रिपाठी को मैदान में उतारा है. कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में 16 और महाराष्ट्र में पांच प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की है.

कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश की नगीना लोकसभा सीट से ओमवती देवी जथाव,





मुरादाबाद से राजबब्बर, खेड़ी से ज़फ़र अली नकवी, सुल्तानपुर से संजय सिंह, सीतापुर से कैसर जहान, मिस्रिख से मंजरी राही, मोहनलालगंज से रामशंकर भार्गव, प्रतापगढ़ से रत्ना सिंह, कानपुर से श्रीप्रकाश जायसवाल, फतेहपुर से राकेश सचन, बहराइच से सावित्री फुले, लालगंज से पंकज मोहन सोनकर, मिर्जापुर से ललितेश पति त्रिपाठी और रॉबर्ट्सगंज से भगवती प्रसाद चौधरी को मैदान में उतारा है.

वहीं कांग्रेस ने महाराष्ट्र के नागपुर से नाना पटोले, गढ़चिरोली चिमूर से रामदेव दह्यूजी उसेंडी, मुम्बई नार्थ से प्रिया दत्त, मुंबई साउथ से मिलिंद मुरली देवड़ा और सोलापुर से सुशील कुमार शिंदे को उम्मीदवार बनाया है.